बलरामपुर पुलिस

दुकान में नकबजनी करने वाले दो गिरफ्तार

बलरामपुर। तुलसीपुर क्षेत्र के गुलरिहा घाट बाजार में किराने की दुकान की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में नकबजनी करने वाले दो सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से चोरी के 10,300 रुपये नकद, एक आधार कार्ड और दो साड़ियां बरामद हुई हैं। पुलिस ने दोनों को बिलोहा लक्ष्मीनगर मोड़ से गिरफ्तार किया।

सीओ अभय प्रताप मल्ल ने बताया कि 10 नवंबर की रात ग्राम गुदरा निवासी शाकिर और सागीर ने गुलरिहा घाट बाजार निवासी प्रदीप गुप्ता की किराने की दुकान में घुसकर दूसरी मंजिल पर बने कमरे में रखी अलमारी का दरवाजा तोड़ दिया था। इसके बाद दोनों अलमारी में रखे करीब 11 हजार रुपये, एक आधार कार्ड और दो साड़ियां चोरी कर ले गए थे। पीड़ित की शिकायत पर तुलसीपुर थाने में दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी।

सीओ ने बताया कि बृहस्पतिवार को पुलिस ने दोनों भाइयों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान शाकिर के पास से 5,200 रुपये नकद और आधार कार्ड बरामद हुआ, जबकि सागीर के कब्जे से 5,100 रुपये नकद और दो साड़ियों से भरा भूरे रंग का बैग मिला। (संवाद)

जानलेवा हमले के चार आरोपी दबोचा

बलरामपुर। रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कल्लूजोत भरतपुर ग्रंट में पारिवारिक विवाद के दौरान युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में पुलिस ने चार वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया सागौन का डंडा भी बरामद किया गया है। रेहरा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम कल्लूजोत भरतपुर ग्रंट निवासी किशमतुन्निशा पत्नी निजामुद्दीन उर्फ जुम्मन ने 17 नवंबर को थाने में तहरीर देकर बताया कि परिवार की नगमा पत्नी मुस्ताक और चचेरे भाई राजू की पत्नी बदरुन्निशा के बीच विवाद हो रहा था। आरोप है कि तभी सलमान, शाबान, राजू उर्फ कल्लू और वसीम मौके पर पहुंच गए।